ज्ञापांक–3383/Tech./2021

अग्निशमन सेवा मुख्यालय, झारखण्ड, राँची।

दिनांक–25वीं अक्टूबर 2021

सेवा में,

Mr Ankit Jain,
PAVANPUTRA POLYFAB INDIA PVT LTD
Silver Spring, Block -5, Flat 15BC 5,
JBS Halden Avenue Near ITC Sonar Bangla, Kolkata Dhapa,
South Twenty Four Parganas, West Bengal-700105.

विषयः– **मौजा–Konra, प्लाट नं0–807P, 676P, 677P, 808P, 810P, खाता संख्या–78,19,42,52,09, वार्ड नं0–N/A, थाना–बरही–72 जिला–हजारीबाग में प्रस्तावित Pavanputra Polyfab India Pvt. Ltd. फैक्ट्री भवन हेतु अग्नि–सुरक्षात्मक सलाह।**

उपर्युक्त विषयक ऑन–लाईन भेजे गये प्लान के अनुसार प्रस्तावित फैक्ट्री भवन के स्थल की जाँच प्रभारी अग्निशामालय पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग से कराई गई। उनके द्वारा अपने ज्ञापांक–179 दिनांक–08.10.2021 के माध्यम से समर्पित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन एवं की गई अनुशंसा के आलोक में प्रस्तावित Pavanputra Polyfab India Pvt. Ltd.. फैक्ट्री बरही, हजारीबाग भवन हेतु निम्नांकित अग्नि–सुरक्षात्मक सलाह दिये जाते हैं :–

1. प्रस्तावित फैक्ट्री परिसर के सामने वाले भाग में कम से कम 50,000 लीटर क्षमता वाले अंडरग्राउण्ड स्टैटिक वाटर टैंक का निर्माण कराया जाय।
2. किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में इस अंडरग्राउंड टैंक से अग्निशमन वाहनों को पानी लिये जाने हेतु ड्रॉ–आउट कनेक्शन किये जाने की व्यवस्था की जाय।
3. प्रस्तावित फैक्ट्री भवन में अग्निशमन कार्य हेतु कम से कम 150mm डायावाले एक रिंग मेन्स का निर्माण कराया जायेगा, जिसमें प्रयेक 30-30 मीटर अथवा उसके भाग पर एक–एक हाईड्रैण्ट का संस्थापन कराया जाय।
4. प्रत्येक हाईड्रैण्ट के पास डिलिवरी आउटलेट तथा दो–दो अदद डिलिवरी होज एवं एक–एक अदद ब्रांच सहित एक–एक होज बॉक्स का संस्थापन कराया जाय।
5. प्रस्तावित फैक्ट्री भवन के अग्नि व्यवस्था के लिए कम से कम 3.5 Kg/Centimeter square के दाब पर हर हर हाईड्रेण्ट/हर जगह जलापूर्ति उपलब्ध रहे। इसके लिए स्वचालित शक्तिशाली पम्प की व्यवस्था की जाय।
6. प्रस्तावित औद्योगिक परिसर के जिन क्षेत्रों में गृश/ऑयल/कैमिकल का भंडारण अथवा उत्पादन का प्रस्ताव है, उन क्षेत्रों को Foam pourer सिस्टम से सुरक्षित रखा जाय।
7. पम्प को स्वचालित एवं स्वतंत्र विद्युत व्यवस्था से जोड़कर रखा जाय।
8. फैक्ट्री भवन की विद्युत व्यवस्था किसी लाइसेंसी इलेक्ट्रीशियन के माध्यम से कराया जाय।
9. मेन इलेक्ट्रिकल स्वीच बोर्ड को Auto Modular Fire extinguisher एवं सभी मेन स्वीच बोर्ड के पास फर्श पर कम से कम 30 MM मोटा रबड़ मैट लगाये जाने की व्यवस्था की जाय।
10. फैक्ट्री भवन में प्रति 400 वर्गमीटर के लिये कम से कम 06 Kg क्षमता वाले एक–एक अदद डी0सी0पी0 अग्निशमन यंत्र रखे जाने की व्यवस्था की जाय।
11. फैक्ट्री भवन के सभी दरवाजे बाहर की ओर खुलने वाले (Outward Openings रहेंगे।
12. फैक्ट्री भवन के किसी भी सेटबैक एरिया को किसी भी प्रकार से कभी भी बाधित नहीं किया जाय, ताकि अग्निशमन एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।
13. बिजली के मेन स्विच बोर्ड के पास 4.5 के0जी0 क्षमता के 04-04 अदद सी0ओ0टू0 तथा 06 के0जी0 क्षमता के 06-06 अदद डी0सी0पी0 अग्निशमन यंत्र रखे जाने की व्यवस्था की जाय।

14. फैक्ट्री भवन में Manually Operated Fire Alarm लगाये जाने की व्यवस्था की जाय, इसका हूटर इतना शक्तिशाली हो कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में इसकी आवाज पूरे परिसर में स्पष्ट रूप से सुनाई दे।
15. भवन में मानक के अनुरूप तड़ित चालक लगाये जाने की व्यवस्था की जाय।
16. भवन को उपयोग में लाये जाने के पूर्व भवन में संस्थापित किये गये अग्नि–सुरक्षात्मक व्यवस्था का विस्तृत प्लान इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए जॉच प्रतिवेदन अवश्य प्राप्त कर लेंगे साथ हीं आवेदक अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने से पूर्व पूरी तरह भरा हुआ सेल्फ अप्रेजल चेक लिस्ट एवं नोटरी पब्लिक के द्वारा जारी एक शपथ पत्र समर्पित करेंगे कि अग्निशमन सेवा मुख्यालय के द्वारा दिये गये सुझावों का अनुपालन पूरी तरह करा लिया गया है।
17. अग्नि–सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिये गये सुझावों के अनुपालन की जाँच इस कार्यालय से कराये जाने एवं जाँच में संतोषप्रद पाये जाने के पश्चात हीं अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किया जा सकेगा।
18. फैक्ट्री भवन के किसी भी भाग में बाद में यदि Plan अथवा Nature Of Occupancy में बदलाव किया जाता है तो इस कार्यालय को सूचित करके Clearance अवश्य प्राप्त करेंगे।
19. राष्ट्रीय भवन संहिता भाग IV के नियम 6.7 में वर्णित सुरक्षा व्यवस्थाओं का दृढ़ता से अनुपालन किया जाय।

JAGJEEWAN RAM

Digitally signed by JAGJEEWAN RAM
DN: c=IN, o=GOVERNMENT OF JHARKHAND, ou=HOME JAIL AND DISASTER MANAGEMENT, 2.5.4.20=6e18ddf6a747613d2f4c403b5001134ec2902b6bf90be3cc4ac5ffdd851f54d7, postalCode=834002, st=Jharkhand, serialNumber=19585870ee67dbaf143b636d6f0c97a7bc8a01d90f3ec025de5383159f431a70, cn=JAGJEEWAN RAM
Date: 2021.10.25 11:42:15 +05'30'

(जगजीवन राम),
प्रभारी अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी,
झारखण्ड, राँची।